हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

04 तालाब के 75 प्रतिशत हिस्से में फैली जलकुंभी,...



07 सिलेंडर वितरण में लापरवाही का आरोप...





## खबर संक्षेप

### शशिकांत पाठक का निधन

**सागर।** शहर के परकोटा वार्ड निवासी जानेमाने ज्योतिषाचार्य स्व. जीवनलाल पाठक के बड़े सुपुत्र शशिकांत पाठक (85) का शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अपने पीछे भाई भानू पाठक, पुत्र रबीश, तनीष पाठक सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार नरयावली नाका मुक्तिधाम में शनिवार सुबह 9 बजे होगा।

### ढावा संचालक पर हमले का मामला, पैर में फ्रैक्चर सागर रेफर

**खुरई।** सागर रोड पर बनहट के पास स्थित ढावा संचालक रुपेश दुबे पर रात लगभग 9.30 बजे जब वह अपने ढावा पर बैठा था तभी पड़रई गांव निवासी श्याम बहरोलिया और विक्की बहरोलिया आये और पुरानी रंजिश पर से गाली गलौच करने लगे। गालियां देने से मना किया तो श्याम बहरोलिया ने डंडे से और विक्की बहरोलिया ने चाटों व घूंसो से मारपीट की थी। जिसके बाद खुरई अस्पताल में इलाज कराने पर पैर की सूजन को मामूली बताकर गुमराह करने का आरोप लगाया। जब तकलीफ बढ़ती गई तो सागर में इलाज कराया। दहिने पैर में फ्रेक्चर निकला है इतने दिनों की देर होने के कारण अब आपरेशन किया जा रहा है। पीड़ति ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में गुमराह करने का आरोप लगाया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अनंतिम सूची जारी

**गढाकोटा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण 02जिला सागर के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का 04एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 08 रिक्त पदों पर एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर की अध्यक्षता में आयोजित खण्ड स्तरीय समिति की बैठक में एम.पी. ऑनलाइन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और अवलोकन के उपरांत पात्र आवेदिकाओं की अनंतिम सूची 2 अप्रैल को पोर्टल पर जारी की गई है। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन सूची पर आपत्ति है वे अगामी 7 दिवस के अंदर एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकती हैं।

### एकता समिति ने हनुमान जयंती मनाई

**सागर।** एकता समिति ने श्री हनुमानजी प्रकट उत्सव पर्व पर राधा तिराहा स्थित सिद्ध क्षेत्र श्री जानकी रमण मंदिर में 101 दीपक जलाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शरद गुप्ता ने पवन पुत्र हनुमान जन्म की गाथा सुनाई। उपस्थित सभी भाव विभोर हो गए। समाज सेवी पंकज तिवारी ने हनुमान चालीसा के पाठ का महत्व बताया। यह मंदिर प्राचीन सिद्ध क्षेत्र है यहां पर सभी भक्तों की दर्शन मात्र से मनोकामना पूरी होती है। राजेंद्र सोनी के भजन सुनाया ।

### प्रो दिवाकर राजपूत सदस्य मनोनीत

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में पदस्थ प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग केंद्रीय अध्ययन मंडल (समाज शास्त्र) में विषय विशेषज्ञ के रूप में सदस्य मनोनीत किया गया है. मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 34-ए (3) के अनुसार प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को कमिश्नर नॉमिनी के रूप में सम्मिलित किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न संस्थानों में अनेक समितियों के सदस्य डॉ राजपूत को मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग केंद्रीय अध्ययन मंडल में सदस्य मनोनीत किए जाने पर शुभ चिंतकों ने बधाइयाँ दी।

### खुरई महोत्सव-2026 का तीन दिवसीय आयोजन 5 से 7 अप्रैल तक चलेगा

# खुरई महोत्सव का आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान इसका धार्मिक व आर्थिक महत्व : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर की पहचान बन चुके सांस्कृतिक कार्यक्रम खुरई महोत्सव-2026 का तीन दिवसीय आयोजन 5 से 7 अप्रैल को पूरी गरिमा और गौरव के साथ संपन्न होगा। यह आयोजन खुरई विधानसभा क्षेत्र की शान है। प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इसकी व्यवस्थाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह बातभूपेन्द्र सिंह ने जनपद कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित खुरई महोत्सव -2026 के आयोजन की तैयारियों संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहीं है। उन्होंने कहा कि विगत अनेक वर्षों से खुरई महोत्सव के भव्य आयोजनों ने इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व स्थापित किया है।

खुरई के एतिहासिक किला मैदान को परिश्रम, दिन और संसाधनों के साथ पुनः उसका वैभव लौटाया गया है। आज खुरई का किला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है और उसके प्रांगण में होने वाला खुरई महोत्सव खुरई के साथ जिले और प्रदेश का एक बड़ा आयोजन बन चुका है। सिंह ने बताया कि इस आयोजन में देश के ऐसे प्रसिद्ध और बड़े आर्टिस्ट अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं जिनकी प्रस्तुतियां जिले और प्रदेश स्तर पर भी नहीं हुई हैं।



पूर्व गृहमंत्री ने बताया कि इस वर्ष के खुरई महोत्सव में 5 अप्रैल की शाम प्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर, 6 अप्रैल को बालीवुड की प्रसिद्ध सिंगर अकासा तथा 7 अप्रैल को प्रसिद्ध सिने गायक नीरज श्रीधर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यार्थियों की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं इसलिए आयोजन में दर्शकों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा रहेगी। उसी अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना होंगी। उन्होंने बताया कि खुरई महोत्सव में सैकड़ों छोटे व्यापारी अपनी व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करते हैं। उनको किले के निकट पठार स्थित मंडी में दूकानों के लिए स्थल सुनिश्चित होगा। महाकाली टीन शेड में भी नगरपालिका द्वारा दूकानों के स्टाल लिए जाएंगे। इनमें महिला स्व-सहायता समूहों को स्टाल लगाने के लिए निः शुल्क दूकानें मिलेंगी ताकि वे अपने उत्पादों की ब्रांडिंग व विक्रय कर सकें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आयोजन स्थल के आसपास की सड़कों पर कोई व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं हों यह सुनिश्चित किया जाए।

सिंह ने किले और नगर की साथ सज्जा, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, दर्शकों की बैठक तथा आवागमन व्यवस्था, मंच व्यवस्था, तालाब व डोहेला के सौंदर्यकरण सहित सभी बिन्दुओं पर जानकारी ली। सीएमओ राजेश मेहतेल ने बैठक में बताया कि पूरे किला मैदान में स्थायी रूप से सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जिससे सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण सटीकता से होगा। किला मैदान में स्टेडियम के लिए स्टेयर्स (बैठक हेतु सीढ़ियां) बनाई जा चुकी हैं जिससे इस बार यह अतिरिक्त बैठक व्यवस्था दर्शकों के लिए सुगमता प्रदान करेगी। खुरई महोत्सव के लिए डा आंबेडकर म्यूजियम को भी सजाया गया है ताकि विजिटर्स संग्रहालय का भी अवलोकन कर सकें। बैठक में बताया गया कि अभी तक 85 दूकानों का पंजीयन हो चुका है जो लगातार जारी है।



### सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम सागर की तत्परता से महिला का खोया बैग 48 घंटे में बरामद

**सागर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा आमजन की सहायता हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक महिला का खोया हुआ बैग तत्परता एवं समन्वय से मात्र 48 घंटे में सुरक्षित बरामद कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया।2 अप्रैल को फरियादिया सुधा सिरोठिया निवासी नवकार कॉलोनी काकागंज, ग्वालियर से हीराकुंड ट्रेन द्वारा सागर आई थीं। रेलवे स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने घर जाते समय जुलूस के कारण मार्ग परिवर्तित होकर ऑटो बस स्टैंड की ओर चला गया। इसी दौरान फरियादिया बस स्टैंड पर उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर अपने घर चली गईं, परंतु उनका बैग पहले ऑटो में ही छूट गया। बैग में नगद राशि, कपड़े, घर की महत्वपूर्ण चाबियां एवं एक साइन किया हुआ खाली चेक रखा था, जो अत्यंत संवेदनशील एवं कीमती था। घटना के बाद फरियादिया द्वारा तत्काल थाना गोपालगंज में सूचना दी गई, जहां से उन्हें सीसीटीवी कंट्रोल रूम सागर भेजा गया।फरियादिया की भावुक स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम टीम ने तत्परता से कार्य प्रारंभ किया। उप निरीक्षक आरकेएस चौहान के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक रेखा रजक को सर्वप्रथम संबंधित ऑटो की पहचान हेतु लगाया गया। कंट्रोल रूम टीम द्वारा लगातार 2 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से अवलोकन कर संबंधित ऑटो की पहचान की गई। ऑटो चालक का पता लगने पर थाना कैंट की चीता मोबाइल के माध्यम से आरक्षक सौरभ गुप्ता को भेजकर उक्त ऑटो चालक से संपर्क किया गया, जिससे बैग सुरक्षित प्राप्त कर कंट्रोल रूम लाया गया।



### अतिरिक्त संचालक डॉ. दुबे ने शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**सागर।** उच्च शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने ओएसडी डॉ. भावना यादव एवं डॉ. रामकुमार गोस्वामी के साथ शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय अग्रणी का गत दिवस औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा संचालन व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जयकुमार सोनी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त संचालक डॉ. दुबे ने सर्वप्रथम शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ के उपस्थिति रजिस्टर का परीक्षण किया। रजिस्टर में कुछ कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न भवनों एवं विभागों का भ्रमण कर कक्षाओं में संचालित अध्ययन-अध्यापन की जानकारी संबंधित प्राध्यापकों से प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की डेली डायरी एवं उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया गया। कुछ विभागों में कमियां पाए जाने पर अतिरिक्त संचालक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय में संचालित विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के संदर्भ में बैठक व्यवस्था, फर्नीचर, प्रकाश एवं पंखों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। परीक्षा समन्वयक डॉ. विनय मिश्रा एवं डॉ. अमर कुमार जैन से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त कर उन्होंने परीक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, नकल एवं अनुचित साधनों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात प्राचार्य कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. नीरज दुबे ने प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को निर्देशित किया कि महाविद्यालय में स्टाफ की नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शैक्षणिक कैलेंडर एवं निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाए। परीक्षा कार्य में गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रखने के भी निर्देश दिए गए।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रमुख मार्गो से निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ गुरुवार को भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला और हर ओर जय श्रीराम व हनुमान जी के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे गाजे बाजे, डीजे, अखाड़े के साथ मिश्राइन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सिद्ध बालाजी मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सभी बढ़-चढ़कर इस आयोजन का हिस्सा बने।



शोभायात्रा की विशेष आकर्षण विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक धार्मिक झांकियां रहीं। बाहुबली हनुमान,सीता स्वयंवर और अयोध्या में विराजमान रामलला की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुति इतनी जीवंत थी कि दर्शक भावविभोर हो उठे और कई स्थानों पर लोगों ने खड़े होकर तालियों से उनका स्वागत किया। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी,जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। आयोजन के दौरान प्रशासन और समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

पुलिस बल एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति के चलते कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन का संचालन श्री संकटमोचन हनुमान जन्मोत्सव समिति एवं रियल हेल्थ क्लब परिवार,गढ़ाकोटा के तत्वावधान में किया गया। यह 27 वां वर्ष है समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं और नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्य होता जा रहा है।

### प्रदेश सरकार की गलत नीति के कारण सभी किसान हो गए बैंक डिफाल्टर

**खुरई।** भारतीय किसान संघ के दर्जनों किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध किया है। बताया कि प्रदेश सरकार की गलत नीति से प्रदेश के सभी किसान बैंक के डिफाल्टर हो गये। किसानों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अभी तक रवि फसलों की समर्थन मूल्य की खरीदी प्रारंभ नहीं की है। पहले 25 मार्च से खरीदी प्रारंभ होनी थी। बाद में तारीख बढ़ाकर 7 अप्रेल कर दी अब फिर समय बढ़ाकर खरीदी की तिथि 15 अप्रेल कर दी। जबकि अधिकांश किसान सहकारी समितियों से अपने साल भर का लेन देन जीरो प्रतिशत ब्याज की राशि से करते हैं यह बात सरकार को भी पता है। यदि समय पर राशि जमा नहीं करते तो किसान डिफाल्टर हो जायेगे। यह बात प्रदेश सरकार को भी पता है कि समिति की राषि जमा 31 मार्च तक करनी पड़ती है। यदि किसानों की फसल की खरीदी नहीं होगी तो किसान पैसा कहां से जमा करेंगे। ऐसे में प्रदेश के वे सभी किसान बैंकों के डिफाल्टर हो जायेंगे जो समिति के माध्यम से लेन देन करते हैं और नियमानुसार उन्हें फिर 13 प्रतिशत ब्याज सहित राशि जमा करनी पड़ेगी। जिससे किसानों का नुक्सान होगा। किसानों की मांग है कि यदि खरीदी 15 अप्रेल से हो रही है तो समिति की राशि जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई की जाये।

### डंपर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मूर्ति में टक्कर मारी, बेस क्षतिग्रस्त

**खुरई।** कांग्रेसियों ने एसडीएम से शिकायत की है कि स्टेशन रोड पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मूर्ति को किसी डंपर ने टक्कर मार दी जिससे उसका बेस क्षतिग्रस्त हो गया। मूर्ति का बेस भी हिल गया जिससे वह कमजोर हो गई। इससे पहले भी एक वाहन ने टक्कर मारकर रेलिंग तोड़ दी थी। लगातार मूर्ति की सुरक्षा के लिये अधिकारियों से शिकायत करते आ रहे हैं। उनकी मांग है कि मूर्ति की सुरक्षा के लिये चारों ओर रेलिंग लगाई जाये। ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष हरविंदर सिंह ने बताया कि यदि राजीव गांधी की मूर्ति की सुरक्षा समय रहते नहीं की गई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

### धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती, सभी हनुमान मंदिरों में जुटी श्रृद्धालुओं की भीड़

**खुरई।** खुरई में गुरुवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही हनुमान जी के सभी मंदिरों में श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। सभी मंदिरों में सुबह से भजन कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ व सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। एक दिन पहले से ही तैयारियां प्रारंभ हो गईं थी। मंदिरों की विशेष सजावट की गई। हनुमान जी को नया चोला चढ़ाया गया। विशेष श्रृंगार किया गया। सभी मंदिरों के बाहर ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिये उमड़ पड़ी। खुरई के देव पुराने हनुमान मंदिर,पातालिया हनुमान मंदिर,न्यायालय के दंडाधिकारी हनुमान जी,पठार स्थित सिद्धिसागर हनुमान मंदिर व स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में सजावट के साथ भजन कीर्तन व सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रृद्धालुओं द्वारा हनुमानजी को प्रिय गुड़ चना और मगद के लड्डुओं का प्रसाद चढ़ाया गया। दिन भर सभी मंदिरों में भजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। शाम को देव पातालिया हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष में देव पुराने हनुमान मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली।




### दादा दरबार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम उदयपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का धार्मिक माहौल दिन-प्रतिदिन और अधिक भक्तिमय होता जा रहा है। शुक्रवार को इस सात दिवसीय आयोजन का छठवां दिन रहा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हनुमान दरबार उदयपुरा में चल रही इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक ओमकार मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। उनके मुखारविंद से निकली श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली, जिससे पूरा परिसर भक्ति और श्रद्धा से सराबोर नजर आया।कथा के दौरान कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और जीवन के आदर्शों का विस्तार से वर्णन किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम भी है।

इस अवसर पर गढाकोटा नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि मनोज तिवारी भी कथा स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आग्रह भी किया।

पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजक समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे सभी भक्तजन शांतिपूर्वक कथा का लाभ उठा सकें।

ग्राम उदयपुरा का यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आस्था और भक्ति का केंद्र बन गया है, जहां हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### खुरई में सागर बीना नेशनल हाईवे पर 5 घंटों तक जाम लगा रहा

# मंदिर के बाजू में खुली शराब दुकान के विरोध में वार्ड वासियों के साथ बजरंग दल ने चक्काजाम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन किया सागर बीना नेशनल हाईवे पर पुरानी हेमंत टाकीज के पास चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। दरअसल बुधवार रात खुरई के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में पुरानी हेमंत टाकीज के सामने के प्लाट में शराब दुकान खोल दी गई थी। जिसमें केवल माल आना बाकी था। तभी वार्डवासी एकत्र हो गये और विरोध करने लगे। महिलाओं ने बताया कि जहां शराब दुकान खोली जा रही है वहां पर पुराने दो मंदिर हैं भगवान श्री राम के मंदिर के बिल्कुल बाजू में शराब दुकान खोली जा रही है। वहीं पर सामने शंकर जी का मंदिर है। लगभग 100 मीटर दूरी पर बच्चियों की कन्याशाला स्कूल है। इसके अलावा नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। महिलाओं व बेटियों का बाहर निकलना दूभर हो जायेगा। तेज धूप के कारण धरना स्थल पर टेंट लगाया जहां महिलाओं ने भजन किया।



शराब दुकान का विरोध कर रहे वार्डवासियों का समर्थन करने बजरंगदल के दर्जनों युवक पहुंच गये और विरोध प्रदर्शन कर रहे वार्डवासियों का हौसला बढ़ाया। बजरंग दल इसलिये विरोध कर रहा है कि मंदिर के बाजू में शराब दुकान खुलना हिंदू धर्म के देवी देवताओं का अपमान है। जिसकी रक्षा के लिये उनका दल हमेशा तत्तपर रहता है। इसके अलावा कांग्रेस ने भी मंदिर के बाजू में खुलने वाली शराब दुकान का प्रदर्शन कर रहे वार्डवासियों का समर्थन किया। पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव अंशुल सिंह परिहार के साथ कांग्रेसियों ने भी धरना दिया। कहा कि जो मंदिर के बाजू में खुल रही शराब दुकान बंद होना चाहिये।

#### प्रशासन ने दुकान बंद करने का दिया आश्वासन

सूचना मिलते ही तहसीलदार डॉ राकेश कुमार पहुंचे और लिखित आश्वासन दिया कि दुकान यहाँ नहीं खुलेगी, इसके बाद भी जाम नहीं खोला गया। प्रदर्षनकारियों की मांग है दुकान हटने पर ही जाम खुलेगा। जाम लगभग शाम 5 बजे तक लगा रहा। तब तक सभी वाहन दूसरे रास्तों से होकर निकलते रहे। शाम को प्रषासन की ओर से एक नोटिस चिपका दिया कि दुकान बंद हो गई।

### लगातार शिकायतों से नाराज कलेक्टर ने बदला सीएमओ

# तालाब के 75 प्रतिशत हिस्से में फैली जलकुंभी, अधिकारी बने तमाशबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर के ऐतिहासिक पौखना तालाब में जलकुंभी का संकट विकराल रूप ले चुका है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। हालात यह हैं कि लगभग 300 एकड़ क्षेत्रफल वाले इस तालाब का करीब 75 प्रतिशत हिस्सा यानी लगभग 250 एकड़ क्षेत्र जलकुंभी से पट चुका है, जिससे न केवल जलस्त्रोत दम तोड़ रहा है, बल्कि सैकड़ों किसानों की आजीविका पर भी संकट गहरा गया है। उक्त स्थिति को दुरुस्त करने में असफल साबित होने पर एवं अन्य शिकायतों के चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पंचायत सीएमओ को बदलते हुये शिवि उपाध्याय को नया प्रभार सौंपा है। अब देखना यह है कि सीएमओ बदलने के बाद पोखना तालाब की तकदीर व तस्वीर बदलती है या नहीं। पोखना तालाब को लेकर उदासीन रवैया अपनाये जाने से नाराज स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से नगर परिषद और सिंचाई विभाग को इस समस्या से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अधिकारियों ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे बड़े सरकारी दावों के बावजूद बड़ागांव में हालात बद से बदतर बने हुए हैं। न तो नगर परिषद ने खुद सफाई कराई और न ही किसी ठेकेदार के माध्यम से कार्य शुरू कराया गया।

#### किसानों और समाज की आजीविका पर संकट

ग्रामीणों के अनुसार इस तालाब से लगभग 200 किसानों की कृषि भूमि की सिंचाई होती है, वहीं रैकवार समाज के करीब 1500 से 2000 लोगों का जीवन भी इसी जलस्त्रोत पर निर्भर है। तालाब के भराव से क्षेत्र का जलस्तर संतुलित रहता था, लेकिन अब जलकुंभी के कारण पानी की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिक मुकेश सेन, रवि पांडे और बृजेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि यदि समय रहते जलकुंभी नहीं हटाई गई, तो आने वाले समय में खेती और पेयजल दोनों के लिए भारी संकट खड़ा हो जाएगा।



#### नए सीएमओ रूप में प्रशासन की नई उम्मीद, लेकिन जन सवाल बरकरार

लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा विशेष रूप से सीएमओ के रूप में शिवि उपाध्याय की पदस्थापना बड़ागांव नगर पंचायत में की गई है, जिन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति सुधारने के संकेत दिए हैं। साथ ही बताया कि रैकवार समाज के लोगो से बात की गई है कि तालाब की जलकुम्भी को उनके श्रमदान से हटाया जायेगा, जिसमें नगर पंचायत प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। फिर भी बड़ा सवाल यही है कि जब वर्षों से समस्या सामने थी, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या प्रशासन की सक्रियता अब भी केवल आश्वासनों तक सीमित रहेगी, या फिर पौखना तालाब को जलकुंभी के जाल से वास्तव में मुक्ति मिलेगी? फिलहाल, किसान और स्थानीय लोग जवाब का इंतजार कर रहे हैं, जबकि तालाब धीरे-धीरे खोते जा रहे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

#### योजनाएं कागजों में, जमीनी कार्रवाई शून्य

स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा बताया गया कि अमृत 2.0 योजना के तहत तालाब की सफाई और गहरीकरण का कार्य प्रस्तावित था, लेकिन जल संसाधन विभाग डबल्यूआरडी की एनओसी नहीं मिलने के कारण काम शुरू ही नहीं हो सका। हैरानी की बात यह है कि आज भी अधिकारी एनओसी की प्रक्रिया में ही उलझे हुए हैं, जबकि जमीनी हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। पोखना तालाब की बदहाल स्थिति को देखते ही देखते जलकुंभी के आगोश में खोते हुये देखा जा रहा है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी अभी भी ऑफिस में बैठकर एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे है।

#### जल्द शुरू होगा काम

एनओसी की प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही कार्ययोजना बनाकर जलकुंभी हटाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

**शिवि उपाध्याय,** नवागत सीएमओ बड़ागांव

सिंचाई विभाग के पास फिलहाल बजट उपलब्ध नहीं है और मानसून नजदीक है, इसलिए टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से आगे कार्य कराया जाएगा।

**वीरेंद्र सिंह सोलंकी,** सिचाई बिभाग

नगर परिषद में प्रस्ताव पारित है,इस संबंध में मेरी सीएमओ शिवी उपाध्याय से बात हुई है जल्द से जल्द तालाब की जल कुंभी निकाली जाएंगी।

**भारती प्रजापति,** अध्यक्ष, नगर पंचायत बड़ागांव

---

कलेक्टर आदेश से हिट एंड रन पीड़ितों को मिली मदद

## पीड़ितों को न्यायः कलेक्टर के आदेश से मिली आर्थिक सहायता

**दुर्घटना में मौत या गंभीर चोट अब शासन देगा साथ, कलेक्टर की जनहित में संवेदनशील पहलः पीड़ित**

- दुर्घटना का दर्द, प्रशासन का सहारा कलेक्टर ने स्वीकृत की सहायता राशि
- परिवारों को आर्थिक संबल रूप में स्वीकृत की गई शासकीय मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकार योजना 2022 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता शासन की जनहितकारी योजना के तहत प्रदान की गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके।

जानकारी के अनुसार बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेवा तहसील खरगापुर निवासी ग्यासीलाल बंशकार की 18 अप्रैल 2024 को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होने के बाद 19 अप्रैल 2024 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार मनु बस्ती बैसा ऊगड़ निवासी राजकुमारी अहिरवार की 5 जनवरी 2025 को अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उक्त दोनों मामलों में थाना बल्देवगढ़ में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बल्देवगढ़ एवं तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन तथा पुलिस विभाग से मिली हुई जानकारी के आधार पर प्रकरण का परीक्षण किया गया। जिसके बाद ग्यासीलाल बंशकार की पत्नी कोमल बाई तथा राजकुमारी अहिरवार के पति हरप्रसाद अहिरवार को 2--2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए भी 50--50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा नजदीक सेवार निवासी चन्ना अहिरवार की पत्नी सुरेश बाई अहिरवार 25 फरवरी 2024 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थीं। वहीं ग्राम सरकर खालसा निवासी अरुण बंशकार 7 अगस्त 2025 को अज्ञात वाहन की चपेट में आने की बजह से दुर्घटना में घायल हो गए थे। परीक्षण उपरांत चन्ना अहिरवार को उनकी पत्नी के उपचार के लिये तथा हरीलाल बंशकार को उनके पुत्र अरुण बंशकार के उपचार के लिये 50--50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि शासन की हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकार योजना 2022 के तहत सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिजनों को 2 लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

## समय-सीमा में काम करें पूर्ण वर्ना होगी कार्रवाईः सीईओ बोरकर

*पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा*

**पलेरा।** जनपद पंचायत के सभागार में कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत सीईओ अरविन्द कुमार बोरकर ने की। बैठक में सीईओ बोरकर ने रोजगार सहायकों और पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनपद क्षेत्र में संचालित सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में सहायक यंत्री एकता तिवारी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार और समय-सीमा में पूरे किए जाएं। गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा जो कार्य लंबित हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

---

एसपी मंडलोई ने की विशेष एडवाइजरी जारी

## युवाओं को शिक्षा, करियर, खेल, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में युवाओं के सर्वांगीण विकास, सकारात्मक मार्गदर्शन और सामाजिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा युवा जोड़ो अभियान के अंतर्गत युवाओं के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को चेतावनी देना नहीं, बल्कि उन्हें सही दिशा, मार्गदर्शन और प्रेरणा देना है, ताकि वे सुरक्षित, सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई की इस पहल के तहत जिले की पुलिस टीमों द्वारा स्कूल, कॉलेज, खेल मैदानों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर युवाओं से सीधे संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस संवाद के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, करियर, खेल, अनुशासन, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से अब तक 60 हजार से अधिक युवाओं को जोड़कर उन्हें जागरूक और प्रेरित किया जा चुका है। जारी एडवाइजरी में युवाओं से कहा गया है कि वे शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, तकनीकी और डिजिटल कौशल सीखें, अनुशासन और समय प्रबंधन को जीवन का




हिस्सा बनाएं। साथ ही नियमित खेलकूद, व्यायाम और योग अपनाकर मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखें। पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहने, गलत संगत से बचने और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी है।

एडवाइजरी में यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की हिदायत भी दी गई है। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचने के लिए सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, फर्जी लिंक और कॉल से सावधान रहने तथा अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखने की अपील की गई है।

महिला सम्मान और सुरक्षा को लेकर भी युवाओं से संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की गई है। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज, जातिवाद और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने तथा सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने अपने संदेश में कहा कि युवा ऊर्जा को सही दिशा देना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के भविष्य निर्माण की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संवाद, मार्गदर्शन और विश्वास के माध्यम से ही एक सुरक्षित, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। पुलिस की इस पहल को जिले में जनचेतना और युवा मार्गदर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

सुबह-सुबह लगी आग, जल गया पूरा कपड़ा शोरूम

## चकरा तिराहा पर मचा हड़कंप, कोतवाली टीआई और दमकल की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शुक्रवार की सुबह आग का ऐसा तांडव लेके आई जिंदमे कपड़े का पूरा शोरूम जलकर खाक हो गया। शहर के कलेक्ट्रेट रोड स्थित चकरा तिराहा के पास शुक्रवार सुबह करीब साढ़े बजे एक रेडीमेड कपड़ा शोरूम में अचानक भीषण आग लगने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान से उठते घने धुएं और आसमान छूती लपटों को देख आसपास के व्यापारी और लोग दहशत में आ गए। हालांकि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली टीआई रवि भूषण पाठक और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के सक्रिय प्रयासों के चलते आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया लेकिन तब तक आग की भीषणता के चलते सबकुछ जलकर ख़ाक हो चुका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में शोरूम के अंदर रखे कपड़े, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक होने लगे। स्थानीय लोगों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावह लपटों के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। आग फैलने से आसपास की दुकानों





में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों से सामान बाहर निकालते नजर आए। आग की तेज लपटें पास स्थित एक फर्नीचर दुकान तक भी पहुंच गईं, जिससे नुकसान का दायरा और बढ़ गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उसे नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि नगर पालिका में उपलब्ध दो फायर ब्रिगेड में से एक वाहन खराब पड़ा होने के कारण आग बुझाने में दिक्कतें आईं, जिसके बाद मौके पर पहुंचे नगर पालिका सीएमओ भदौरिया द्वारा तत्काल आसपास की नगर परिषदों से अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। इसी दौरान मौके पर मौजूद कोतवाली टीआई रवि भूषण पाठक ने जिम्मेदारी और साहस का परिचय देते हुए खुद मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाने के प्रयासों में जुट गए। जिसके बाद काफी मशक्क़त के चलते आग पर काबू पाया गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और दमकल कर्मी मौजूद रहे और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। जबकि शोरूम संचालक ने बताया कि शोरूम बंद रहने के दौरान पीछे स्थित दरवाजे की तरफ किसी ने कुछ कचरा जलाया जिसकी बजह से आग लगने की आशंका है। मौके पर मौजूद लोगो के अनुसार आग शोरूम के पीछे से ही लगी थी जिसने कुछ ही समय में संपूर्ण शोरूम को अपनी चपेट में लें लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन लाखों रुपये के नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है।

---

### पुलिस ने अपहृत बालिका को सकुशल खोजा

## एसपी अभियान में फिर लौटी एक बेटी की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे राज्य स्तरीय मुस्कान अभियान के अंतर्गत एक बार फिर सराहनीय सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना कुड़ीला पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिससे परिवार में फिर से खुशी का माहौल लौट आया। जानकारी के अनुसार थाना कुड़ीला में दर्ज धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरण में अपहृत बालिका की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की। इसी दौरान 2 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद यादव, सहायक उप निरीक्षक असलम



खान, प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा सहित थाना कुड़ीला पुलिस टीम की सक्रिय और सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि गुमशुदा बच्चों की सुरक्षित वापसी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर संचालित मुस्कान अभियान के तहत टीकमगढ़ पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 में अब तक जिले की पुलिस द्वारा देश के विभिन्न राज्यों और महानगरों से 39 से अधिक गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया जा चुका है। पुलिस का यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और संवेदनशीलता का माहौल मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

---

### गेहूं खरीद में देरी व बदलती नीतियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बोला तीखा हमला

# धन्नासेठों की सरकार, किसानों से धोखाः विधायक यादवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

तालदरवाजा स्थित निज निवास पर शुक्रवार को कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। जिसमें भाजपा सरकार द्वारा गेहूं खरीदी में की जा रही देरी, बारदाने की कमी और किसानों पर बढ़ते आर्थिक दबाव को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां पूरी तरह किसान विरोधी हैं और जानबूझकर ऐसी परिस्थितियां बनाई जा रही हैं, जिससे किसान अपनी फसल औने पौने दामों में व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर हो जाए।

#### गेंहू खरीद की तारीख बढ़ने से लुटने को मजबूर किसान

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार खुद को किसान हितैषी बताती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। उन्होंने आरोप लगाया कि गेहूं खरीदी की तारीख बार बार आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे किसान परेशान होकर मजबूरी में 1800 रुपये प्रति क्विंटल जैसे कम दामों पर अपनी उपज व्यापारियों को बेच रहे हैं। उन्होंने इसे किसानों की मेहनत के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि सरकार की मंशा साफ है,







जिसके तहत सरकारी खरीदी कम करने का प्रयास करते हुये व्यापारियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

#### किसानों पर पड़ रही चौतरफा मार

विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि इस समय किसान चारों तरफ से मार झेल रहा है। प्रकृति की मार से पीड़ति किसानो के लिये एक तरफ सरकारी फसल खरीदी नहीं हो रही, दूसरी तरफ बिजली कंपनी बकाया बिलों की वसूली के लिए कुर्की की कार्रवाई कर रही है, वहीं बैंक भी कर्ज वसूली में कोई राहत नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब किसान की फसल ही नहीं बिकेगी तो वह बिजली बिल और बैंक का कर्ज कैसे चुकाएगा। उन्होंने बारदाने बोरों की भारी कमी का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि कई खरीदी केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध नहीं है, जिससे खरीदी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रति एकड़ केवल 5 क्विंटल गेहूं खरीदी की सीमा तय कर दी गई है, जबकि एक एकड़ में 15 से 18 क्विंटल तक उत्पादन होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि बाकी गेहूं किसान कहां बेचे? यह नीति सीधे-सीधे किसानों को व्यापारियों के भरोसे छोड़ने वाली है।

#### केंद्रीय कृषि मंत्री के दावे पर उठाए सवाल

विधायक यादवेन्द्र सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें किसानों की आय 10 गुना बढ़ने का दावा किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की आय इतनी बढ़ गई है तो सरकार ऐसे किसानों की सूची सार्वजनिक करे। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में गलत आंकड़े पेश कर किसानों की वास्तविक स्थिति छिपाई जा रही है। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार एक तरफ फसल खरीदी की तारीख बढ़ा रही है, लेकिन दूसरी तरफ बिजली बिल जमा करने की तारीख नहीं बढ़ाई गई और न ही बैंकों की कर्ज वसूली पर रोक लगाई गई। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने में लगी है।

#### किसानों के साथ मिलकर आंदोलन की दी चेतावनी

विधायक यादवेन्द्र सिँह ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची समझी नीति का हिस्सा है, जिससे किसान मजबूर होकर अपनी उपज कम दामों में बेच दे। उन्होंने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि किसानों की मेहनत का सही मूल्य दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में विधायक यादवेंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गेहूं खरीदी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, बारदाने की व्यवस्था नहीं हुई और खरीदी सीमा बढ़ाई नहीं गई, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप नहीं बैठेगा और अपने हक की लड़ाई लड़ेगा।

### जाम में फंसी एंबुलेंस तहसीलदार ने निकलवाई, पुलिस के पहरे में बंटे सिलेंडर

# सिलेंडर वितरण में लापरवाही का आरोप, उपभोक्ताओं ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रसोई गैस को लेकर इन दिनों अजीब स्थिति बनी हुई है। एक तरफ प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की किसी भी तरह की कमी नहीं है। वहीं, जिले की वितरण एजेंसियों पर खाली गैस सिलेंडरों लंबी कतार लग रही है। बुक होने के बाद भी उपभोक्ताओं को आसानी से सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। सिलेंडर पहले लेने की आपाधापी के बीच शुक्रवार को विजयपुर में जमकर हंगामा हुआ जिसके चलते पहले गैस सिलेंडर वितरण एजेंसी संचालक ओर कर्मचारी सुरक्षा का अभाव बताकर गोडाउन में ताला लगाकर गायब हो गए बाद में नाराज उपभोक्ताओं ने हाइवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया जिसमें एक गर्भवती को लेकर आ रही एंबुलेंस भी फंस गई जिसे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रभारी तहसीलदार ने पुलिस के सहयोग से आगे रवाना किया इसके बाद पुलिस के पहरे के बीच गैस सिलेंडर वितरण किए गए।

शुक्रवार को घंटों लाईन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज़ उपभोक्ताओं ने विजयपुर से होकर गुजरे मुरैना शिवपुरी हाइवे पर जाम लगा दिया। उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस एजेंसी संचालक सिलेंडर वितरण में भेदभाव बरत रहा है। जो लोग एजेंसी खुलने से पहले लाइन में लगे हुए थे उन्हें घंटों इंतज़ार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला जबकि बीच में आए कुछ लोग बिना लाइन में लगे सिलेण्डर लेकर चले गए। जाम लगने से एक एंबुलेंस भी फंस गई लाख समझाइश के बाद भी आंदोलनकारी न तो जाम खोलने को राजी हुए न एंबुलेंस को रास्ता देने के मूंड में दिखाई दिए। हालांकि बाद में पहुंचे टीआई राजन सिंह गुर्जर की समझाइश के बाद उपभोक्ता जाम खोलने को राजी हो गए।

प्रशासन का दावा है कि सोशल मीडिया की अफवाह से लोग पैनिक हो रहे हैं। आलम ये हैं कि कई इलाकों में लोग सुबह 5 से 6 बजे गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। पर उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस संकट के बीच सिलेंडरों की मांग बढ़ी है। भले ही प्रशासन तमाम दावे कर रहा है कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है, लेकिन श्योपुर जिला मुख्यालय सहित विजयपुर वीरपुर, बड़ौदा कराहल में जमीनी हकीकत इससे उलट है। सुबह 6 बजे से सिलेंडर लेने सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। 6 सैकड़ा से अधिक उपभोक्ता सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाने का आरोप लगाते हुए श्योपुर मुरैना हाइवे पर जाम लगा दिया। बाद में पहुंची पुलिस ने पहले आश्वासन देकर जाम खुलवाया और बाद में गोदाम में रखे सिलेंडर वितरण कराए।





**विजयपुर में एक सप्ताह में दूसरी बार लगाया जाम**

विजयपुर में गैस सिलेंडर को लेकर यह कोई पहला अवसर नहीं है जब उपभोक्ताओं ने जाम लगाया हो इससे पहले भी इसी सप्ताह शनिवार को उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर ब्लैक करने के आरोप लगाते हुए जाम लगा दिया था। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लोगों को तो सिलेंडर घंटों लाईन में लगने के बाद वितरण किए जा रहे हैं।

### 45 दिन में ही मिलेगा दूसरा सिलेंडर

अब एक सिलेंडर मिलने के तुरंत बाद दूसरा सिलेंडर बुक नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने बुकिंग के बीच न्यूनतम समय तय कर दिया है. शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पिछले सिलेंडर की डिलीवरी मिलने के बाद कम से कम 25 दिन का इंतजार करना होगा। तभी अगला सिलेंडर बुक किया जाएगा। वहीं ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में यह अवधि और ज्यादा रखी गई है. ऐसे क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक करने की अनुमति होगी. सरकार का कहना है कि इससे एक ही परिवार की ओर से बार-बार बुकिंग कर गैस जमा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी और सप्लाई सभी उपभोक्ताओं तक सही तरीके से पहुंच सकेगी लंबे समय बाद बुकिंग होने ओर बुक होने के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से लोग पैनिक हो रहे हैं हालांकि यह समस्या एक दो दिन आती है लेकिन लोग होम डिलीवरी के बजाय गैस एजेंसी पर अधिक संख्या में पहुंचने की वजह से इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं वितरक एजेंसी संचालक का कहना है कि अगर उपभोक्ता होम डिलीवरी पर ध्यान दें तो उन्हें घर बैठे आसानी से सिलेंडर मिल जाएगा लेकिन जितना स्टॉक आता है उससे दोगुनी संख्या में लोग एजेंसी पर गैस लेने पहुंच जाते हैं जिसके कारण अव्यवस्था हो रही है।

**नहीं है कमी**

गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है जितनी आवश्यकता है उतने सिलेंडर आ रहे हैं। शुक्रवार को जितने उपभोक्ता पहुंचे थे सभी सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। कुछ उपभोक्ता हंगामा कर रहे थे इसलिए कुछ समय के लिए वितरण बंद हुआ जिससे जाम लगा दिया गया।

**रवि शर्मा**
**प्रभारी तहसीलदार विजयपुर**

### युवक जिससे गांजा खरीदकर लाया, उसे भी पुलिस ने बना दिया आरोपी

# बाइक से गांजा लेकर आ रहा युवक पुलिस ने दबोचा, 812 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

देहात थाना पुलिस ने बीती शाम को एक युवक को उस समय श्योपुर-खातौली रोड से मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दबोच लिया, जब वह गांजा लेकर बाइक से अपने घर आ रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 812 ग्राम गांजा जब्त किया है। खास बात यह है कि पुलिस ने इस मामले में उसे भी आरोपी बना दिया, जिससे युवक गांजा खरीदकर लाया था। देहात थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद अब गांजा बेचने वाले आरोपी की तलाश कर रही है।

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि गुरूवार की देर शाम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर श्योपुर शहर की तरफ आ रहा है,जिसके पास बडी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस टीम बनाकर श्योपुर खातौली रोड पर कनापुर तिराहे के पास नाकाबंदी करते हुए चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान खातौली की तरफ से आ रहा बाइक सवार एक युवक पुलिस को देखकर सकपका गया। इसके बाद अब बाइक को वापस घुमाकर ले जाता,उसके पहले ही पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 812 गांजा जब्त किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपू (40 ) पुत्र रवि शंकर सेन निवासी वार्ड क्रमांक 10 श्योपुर बताया है। इसके बाद पुलिस दीपक को गांजा और उसकी बाइक के साथ थाने लेकर आ गई। थाने में लाने के बाद जब पुलिस ने दीपक से पूछा कि यहा गांजा किसलिए और कहां से लेकर आए हो, तब दीपक ने जबाव दिया कि वह इस गांजे को खुद के पीने के लिए लेकर आया है और गोडाखेडी गांव के निवासी रामलखन मीणा से खरीदकर लाया है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में दीपक सेन के साथही रामलखन मीणा के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उसकी भी तलाश शुरू कर दी है।



# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने जैदा मंडी में धरना देकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों की समस्याओ को लेकर एक दिवसीय धरना मंडी कार्यालय गेट के बाहर दिया और मंडी में उपजी किसानों की समस्याओ का जल्द निदान किए जाने संबंधी ज्ञापन मंडी सचिव को दिया।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी की अगुवाई में किसान संघ पदाधिकारी व किसानों ने धरना देने के बाद कलेक्टर के नाम मंडी सचिव को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मंडी प्रांगण में आवारा मवेशियों की संख्या बढती जा रही है जो किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रही है। इसके अलावा अतिरिक्त कटोत्रा के नाम पर किसानों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है। इसके अलावा मंडी प्रांगण में किसानों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था न होना, फसल का भुगतान मंडी प्रांगण में न होने जैसी कई समस्या विद्यमान बनी हुई है। जिसकारण किसान परेशान हो रहे है। ज्ञापन में प्रशासन से किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द किए जाने की मांग की है,साथही समाधान जल्द न होने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर मूलचंद मीणा, भीमसिंह जाट, जितेंद्र मीणा, अशोक मीणा, होतम जाट, मुकेश मीणा, अजय शर्मा, महावीर मीणा, गिर्राज, गोविंद जाट, रमेश अर्जुन प्रजापति, प्रताप सरदार, हरिओम आदि कई किसान मौजूद थे।




### गेहूं उपार्जन 5 से हो शुरू, नहीं तो करेंगे आंदोलनः मूंडला

श्योपुर। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मीणा मूंडला ने समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन कार्य 5 अप्रैल से शुरू कराए जाने तथा बैंको में ब्याज माफी योजना की अंतिम तिथि 30 अप्रैल किए जाने की मांग उठाई है। साथही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो किसानों के साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# पति ने की मारपीट तो गुस्साई पत्नी ने बल्ला मार फोड़ दिया सिर

**कोतवाली पुलिस ने पति और पत्नी के खिलाफ दर्ज किया क्रॉस मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की बौद्ध बिहार कॉलोनी में रहने वाले एक दंपति के बीच बीती शाम को विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान पति ने पत्नी की मारपीट की तो गुस्साए पत्नी ने भी बल्ला मारकर पति का सिर फोड दिया। बाद में दोनों ने कोतवाली थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। कोतवाली थाना पुलिस ने दोनो पति पत्नी के खिलाफ क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस लाइन रोड स्थित बौद्ध बिहार कॉलोनी निवासी विकास नरवरिया और उसकी पत्नी रेखा नरवरिया के बीच बीती शाम को विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनो ने एक दूसरे की मारपीट कर दी। गुरूवार की शाम को रिपोर्ट दर्ज कराने आई रेखा पत्नी विकास नरवरिया की रिपोर्ट पर उसके पति विकास और देवर पवन नरवरिया के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शुक्रवार की सुबह पति विकास नरवरिया लहुलूहान हालत में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली पहुंचा। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पत्नी रेखा ने उसे सिर में बल्ला मारकर लहूलुहान कर दिया। विकास की रिपोर्ट पर रेखा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### निषादराज भवन में ई-विकास प्रणाली पर प्रशिक्षण आयोजित



श्योपुर। कलेक्टर के मार्गदर्शन में ई-विकास प्रणाली के संबंध में विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत स्थित निषादराज भवन में किया गया। जिसमें राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों को ई-विकास प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अरूण कुमार शाक्य कृषि विकास अधिकारी ने करते हुए ई-विकास प्रणाली एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के संबंध में जानकारी प्रदान की। सहायक संचालक कृषि मुनेश कुमार शाक्य ने जानकारी दी कि ई-विकास प्रणाली डिजिटली रूप से उर्वरक वितरण करने की प्रणाली है। इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारदर्शी तरीके से सुगमतापूर्वक उर्वरक प्रदाय करना है।सहकारिता निरीक्षक राहुल शर्मा द्वारा समस्त मैदानी अमले राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों, पंचायत विभाग के सचिवों, रोजगार सहायकों, कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों को उर्वरक प्रदाय प्रशिक्षण में ई-टोकन जनरेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि जिले में गत 01 अप्रैल से रासायनिक उर्वरक का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है। जिले के सभी सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण करने के निर्देश जारी किये गये है। जो विक्रेता निर्देशों का पालन नही करेगा। उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही किसानों भाईयों से भी अपील है कि जिन किसानों की एग्रीस्टेक पर फार्मर आईडी नही बनी है। वह अपनी फार्मर आईडी बनवा लें एवं जिन किसानों की फार्मर आईडी बनी है परन्तु भूमि का संपूर्ण विवरण उसमें नही जुडा है। वह अपनी संपूर्ण भूमि का विवरण फार्मर आईडी में जुडवा लें। जिससे किसानों को ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करते समय अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पडे। कार्यक्रम में डीएमओ सतेंद्र सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उड़नदस्ते ने गिट्टी का अवैध परिवहन करता डंपर पकड़ा

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा अवैध उत्खन्न, परिवहन तथा भण्डारण पर रोक लगाने तथा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित उडनदस्ते द्वारा तहसीलदार मनीषा मिश्रा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए गिट्टी के अवैध परिवहन पर एक डम्पर जब्त करने की कार्यवाही की गई है। तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने बताया कि अवैध परिवहन के संबंध में शिवपुरी रोड पर डम्पर क्रमांक आरजे 20 जीसी 1357 में खनिज गिट्टी की जांच की गई, जांच में मौके पर वाहन चालक द्वारा वैध ईटीपी (इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास) प्रस्तुत नही किये जाने पर डम्पर को देहात थाना श्योपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है।

# बर्धा बुजुर्ग गांव के हार में भड़की आग,खेत में खड़ी गेंहू की फसल जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नजदीकी गांव बर्धाबुजुर्ग के हार में शुक्रवार को एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। जिससे खेत में खडी फसल जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक जानकारी में आग लगने का कारण हाईटेंशन लाइन से शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बर्धाबुजुर्ग निवासी कलावती पत्नी दुर्योधन मीणा के खेत में गेहूं की फसल पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। किसान के परिवार के लोग फसल काटने की तैयारी में जुटे थे,तभी शुक्रवार को अचानक खेत से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही समय में करीब दो बीघा गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया।हालांकि ग्रामीणों ने मशक्कत करते हुए आग को बुझा दिया, जिससे आग आगे फैलने से बच गई,मगर इस आग से किसान की दो बीघा में खडी फसल जलकर राख में बदल गई। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी पीयूष यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने पीडित किसान परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



### एक मई से शुरू होगी मकानों की गणना, हर घर में पहुंचेंगे प्रगणक

# जनगणना 2027: एक घर में जलते हैं दो चूल्हे तो अलग माना जाएगा परिवार, हर घर को मिलेगा यूनिक नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जिले में जनगणना-2027 का पहला चरण एक मई से 30 मई तक चलेगा। पहले चरण के दौरान शहर समेत जिलेभर में कुल कितने मकान है,इसकी गणना की जाएगी। मकानों की गणना के दौरान यदि किसी घर में दो चूल्हे जलते है तो परिवार अलग माना जाएगा,यानि उस घर में परिवारों की संख्या 2 मानी जाएगी। एक घर में खाना बनाने के लिए जितने चूल्हें जलेगे,उस घर में उतने ही परिवारों की संख्या मानी जाएगी। हर घर को यूनिक नंबर मिलेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में प्रशासन की ओर से मकानों की गणना करने संबंधी सभी तैयारियां कर ली गई है। इसी क्रम में चल रहे फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन शुक्रवार को ग्राम चैनपुरा एवं बगवाज में विजिट कराते हुए मकानों की गणना के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि जनगणना के लिए कुल 1658 प्रगणक एवं सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। इसके तहत 1282 प्रगणक बनाये गये है और 138 प्रगणक रिजर्व में रखे गये है। इसी प्रकार 212 सुपरवाईजर को दायित्व सौपा गया है और 26 सुपरवाईजर रिजर्व में रखे गये है। इस प्रकार रिजर्व सहित कुल 1420 प्रगणक और 238 सुपरवाईजर बनाये गये है। श्योपुर तहसील अंतर्गत रिर्जव सहित 357 प्रगणक तथा 60 सुपरवाईजर, नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र अंतर्गत 154 प्रगणक एवं 27 सुपरवाईजर, बडौदा तहसील अंतर्गत 179 प्रगणक एवं 30 सुपरवाईजर, नगरीय निकाय बडौदा अंतर्गत 42 प्रगणक एवं 07 सुपरवाईजर, कराहल तहसील अंतर्गत 235 प्रगणक एवं 35 सुपरवाईजर, तहसील वीरपुर अंतर्गत 153 प्रगणक एवं 27 सुपरवाईजर, तहसील विजयपुर अंतर्गत 261 प्रगणक एवं 44 सुपरवाईजर तथा नगरीय निकाय विजयपुर अंतर्गत 39 प्रगणक एवं 8 सुपरवाईजर बनाये गये है।



**जिस मकान में नहीं रहता कोई, उसकी भी होगी गणना**

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का काम एक मई से आरंभ होगा। मकान गणना का काम ऑनलाइन होगा। इस दौरान नियुक्त प्रगणक अपने अपने निर्धारित क्षेत्रो में पहुंचकर मकानों की गणना करेगे। इस दौरान जिन मकानों में लोग रहते है, उन मकानों की तो गणना की ही जाएगी,लेकिन जिन मकानों में कोई नहीं रहता है तथा वे सूने पडे हुए है,उन मकानों की भी गणना की जाएगी। निजी भवनों के साथ ही सरकारी भवनों की भी गणना की जाएगी। जनगणना एप डिजी डाट के जरिए हर घर को एक यूनिक पहचान दी जाएगी। घर की भौगोलिक स्थिति को उसके पते से जोड़ा जाएगा। यह यूनिक डिजिटल आइडी होगी। गिनती के लिए आने वाले गणनक मोबाइल एप से घर की लोकेशन को लाक करेंगे। इससे मैप पर एक डिजिटल बिंदु (डाट) बन जाएगा। प्रगणक यह भी देखेंगे कि घर में कितने कमरे हैं, उसमें रहने वालों की संख्या कितनी है।

### जनगणना में आप भी कर सकते हैं सहयोग

डिजिटल रूप में होने जा रही जनगणना में आनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना कर सकते हैं। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी, जिसमें जाति-आधारित गणना शामिल है। इस डेटा से पता चलेगा कि कहां-किसकी जरूरत है, किसे मदद चाहिए। डेटा इकट्ठा करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हुए इसमें पूरी आबादी को शामिल किया जाएगा।

### दो चरणों में होगी जनगणना

पहला चरण : हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस चलेगी। इसमें भवनों की लिस्ट, निर्माण सामग्री, पेयजल, स्वच्छता, घरेलू संपत्ति, खाना पकाने का ईंधन आदि 33 मापदंडों पर डेटा एकत्र किया जाएगा। साथ ही घर के मुखिया का लिंग (पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर) भी दर्ज किया जाएगा।

दूसरा चरण : पापुलेशन एन्यूमरेशन (फरवरी 2027) में व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, आयु, लिहाज, जन्म तिथि, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, नौकरी (प्राइवेट/सरकारी), व्यवसाय, धर्म, जाति/जनजाति, दिव्यांगता और प्रवास इतिहास दर्ज किया जाएगा। इस सर्वे में बेघर लोगों को शामिल किया जाएगा।

# चौबे बने कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

समाजसेवी एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता नवल सिंह चौबे कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन विधायक बाबू जंडेल की सहमति से कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी की अनुशंसा पर प्रदेश नेतृत्व ने किया है।अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेस कमेटी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के अलावा दिनेश सिकरवार, हंसराज मीणा, रामकुमार उमरिया, राम अवतार जोशी सुमेर सिंह, कृष्णा राठौर, समीम खान, राजेंद्र कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### डीएमओ सहित तीन फर्मों को कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा रासायनिक उर्वरक का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से न किये जाने पर जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड सहित उर्वरक विक्रय करने वाली निजी क्षेत्र की तीन फर्मो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। जारी नोटिस के अनुसार 1 अप्रैल से पूर्ण रूप से रासायनिक उर्वरक का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये है, लेकिन मार्कफेड अंतर्गत डीएलसी बडौदा से 0.045 मैट्रिक टन यूरिया एवं 0.25 मैट्रिक टन डीएपी तथा विजयपुर मार्कफेड से 1.7 मैट्रिक टन डीएपी का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से न करते हुए आईएफएमएस पोर्टल किया गया है। इसी प्रकार जेके इंटरप्रायजेज कलारना रोड श्योपुर द्वारा 10.395 मैट्रिक टन यूरिया का, चंबल खाद बीज भण्डार दांतरदा द्वारा 5.175 मैट्रिक टन यूरिया तथा प्रतीक ट्रेडर्स ढोढर द्वारा 3.15 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण भी आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किया गया है, जो कि शासन के निर्देशो की अवहेलना है एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन है। इस मामले में डीएमओ श्री सतेन्द्र सिंह को तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने तथा जवाब संतोषप्रद न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव शासन को भेजने के लिए नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र की तीनो फर्मो को जवाब संतोषप्रद न होने की स्थिति में लाईसेंस निलंबन अथवा निरस्त करने की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किये गये है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती: निकली विशेष प्रभात फेरी

**शाढौरा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भक्तिमय माहौल के बीच स्थानीय बस स्टैंड हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से भव्य रुप में प्रभात फेरी निकाली गईं। प्रभात फेरी में बग्गी में हनुमान जी के चित्र को विराजमान कर विद्युत झालर से आकर्षक सजाकर प्रभात फेरी निकली गई। प्रभात फेरी में भक्तों ने भजनों और जयकारों के साथ भगवान हनुमान की आराधना की। हनुमान जयंती की अवसर पर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। आस्था एवं विश्वास के केंद्र हनुमान मंदिरों पर कई जगहों पर श्रद्धालु हनुमान चालीसा ब सुंदरकांड पाठ करते हुए और भगवान हनुमानजी के जयकारे लगाते हुए नाचते- गाते नज़र आए। चैती पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर आस्था एवं विश्वास का केन्द्र हनुमान टेकरी धाम पर सुबह से ही माथा टेकने के लिए तांता लगा रहा जो शाम तक चलता रहा अंन्नकूट एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा, जिसने पूरे माहौल को राम-हनुमान मय बना दिया।

### दो बाईक आपस में टकराईं, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत करीला तिराहे के पास अथाईखेड़ा रोड़ पर दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसे लेकर एक बाईक चालक रवि कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक आयोजन



**मुंगावली।** श्री राम भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों द्वारा बड़े ही मनमोहन तरीके से भगवान श्री हनुमान जी की वेशभूषा रख सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं उनके जीवन के आधार पर नाटक प्रस्तुत किया गया। समय समय पर विद्यालय में सामाजिक ,सांस्कृतिक खेलकूद एवं अन्य प्रकार के आयोजन होते रहते हैं जिससे बच्चों के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो सके। वहीं बच्चों ने श्री हनुमान जी की वेशभूषा रखी और उनके जीवन के आधार पर उनकी प्रभु भक्ति श्री राम के प्रति सभी बच्चों के सामने प्रदर्शित की गई। वहीं इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन स्कूल सीईओ पुनीत जैन प्राचार्य डॉ धमप्रिया कार्यक्रम संयोजक भूमि जैन एवं रिमझिम ग्वाल सहित स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष की कठोर कारावास

**अशोकनगर।** प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला अशोकनगर द्वारा 1 मार्च 2026 को निर्णय पारित करते हुये मारपीट करने वाले आरोपीगण रणधीर पुत्र लल्लीराम रघुवंशी एवं मुनेश पुत्र रणधीर रघुवंशी निवासीगण ग्राम सावन थाना कचनार जिला अशोकनगर को 01-01 वर्ष के कठोर कारावास एवं कुल 3000-3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन जिला अशोकनगर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन सहा. जिला अभियोजन अधिकारी विश्वजीत चक्रवर्ती द्वारा किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय यशपाल सिंह यादव ने बताया कि अभियोजन कहानी के अनुसार 14 जनवरी 2023 को फरियादी अर्जुन सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम सावन ने उसके लडके नीरज के साथ घायल अवस्था में जिला अशोकनगर में देहाती नालसी लेख कराई कि, सुबह 10 बजे वह गांव के मंदिर से पूजा कर वापिस उसके घर आ रहा था तभी रास्ते में उसे उसका छोटा भाई रणधीर एवं भतीजा मुनेश मिले, उसने उनसे कहा कि उन्होंनें उसकी लाइट की डोरी क्यों तोड़ दी तो दोनों बोले कि वह तो तोड़ेगें और उसे गंदी-गंदी गालियां दी।

---

## मंदिरों में भक्तों की भीड़, तार वाले बालाजी मंदिर पर अपार जनसमूह

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संकट मोचन भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के मौके पर अशोकनगर शहर के मंदिर हनुमान जी की जय जयकार से गूंज उठे। घंटो श्रृदालुओ ने हनुमान जी के दरबार मे आराधना की। प्रभू की भक्ति मे लीन होते लोगों को देखा गया। तार वाले बालाजी मंदिर पर भक्तों का समूह अपार जनसैलाब के साथ देखा गया।

शहर के हनुमान मंदिर सुबह से ही भीड से भरे नजर आए। सुबह की भोर में ही लोगों को अपने घरो से साफ सथुरे वस्त्रों में पूजा अर्चना की थाली सजाकर मंदिरों की ओर जाते हुए देखा गया। हनुमान जी महाराज सारे ईष्टो में ऐसे ईष्ट है जिनका नाम जपने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए उन्हे संकट मोचन कहा गया है। यही कारण है कि हनुमान जी के भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। शहर के लगभग दो दर्जन हनुमान मंदिरो पर भक्तो का कारवां देखा गया। शहर के तार वाले बालाजी मंदिर पर श्रृदालु बालाजी सरकार की जय जयकार करते नजर आए। यहा श्रृदालुओ को भगवान के दर्शन करने के लिए इंतजार करना पडा। मंदिर के बाहर महिला और पुरूषों की भारी भीड के कारण सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मंदिर के बाहर अनगिनत प्रसाद की दुकाने लगी देखी गई। मंदिर परिसर मे हजारो गरीब परिवारो के लोग कतार बनाकर बैठे थे। यहा प्रसाद चढाने के बाद मंदिर से आने वाले श्रृदालु उपस्थित जनो को प्रसाद प्रदान करते हुए देखे गए।

शहर में हनुमान मंदिरो की संख्या दो दर्जन से अधिक है। सभी मंदिरो पर श्रृदालु परिवार सहित पहुचें। प्रसाद अर्पण किया। इस दौरान श्रृदालुओ ने हनुमान चालीसा सुंदरकांण्ड के साथ हनुमान जी की आरती की और अनेक श्रृदालुओ को हनुमान जी के दरबार मे उनके कष्ट हरने की प्रार्थना करते हुए देखा गया। शहर के इन मंदिरो मे तार वाले बालाजी सरकार के साथ सराफा बाजार हनुमान मंदिर,मनसापूर्ण हनुमान मंदिर, पुण्डरीकाक्ष मंदिर,पछाडी खेडा वाले हनुमान जी,चिंता हरण मंदिर,संकट मोचन मंदिर, डिग्री कॉलेज वाले हनुमान जी,शिव टोरिया के हनुमान जी,आसमानी माता मंदिर पर विराजित हनुमान जी, ब्रम्हगौड हनुमान मंदिर,सुराना चैराहा स्थित हनुमान मंदिर,बासांखेडी वाले हनुमान जी के साथ सभी मंदिरो पर सुबह से देर रात तक भक्त दर्शनो के लिए पहुचते रहे। मंदिरो पर आर्कषक साज सज्जा की गई थी। रात की अवधि मे यह मंदिर बिजली की रोशनी से जगमग होते नजर आए।







### शहर में चल समारोह के साथ विमानों का कारवां निकला



हनुमान जयंती का पर्व यहा मनाए जाने वाले सारे पर्वो में सबसे बडा पर्व है। यहा हनुमान जी के भक्तो की संख्या भी बहुत अधिक है। यही कारण है कि हनुमान जंयती के मौके पर शहर मे चल समारोह निकाला गया। कई मंदिरो के विमान इस चल समारोह मे निकाले गए। जगह जगह भगवान की आरती की गई। गाजे बाजो के साथ निकले इस चल समारोह मे भजन भी होते देखे गए। शहर में यह चल समारोह तार वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुआ जो गांधी पार्क,सदर बाजार,स्टेशन रोड आदि मार्गो से निकला।

### पहलवानों ने निकले अखाड़ों में प्रदर्शन किए


चल समारोह मे हनुमान जी के भक्तों ने अखाडे भी निकाले। जिनमें चिंताहरण व्यायाम शाला, बाल हनुमान व्यायाम शाला पटेल पार्क और वीर बजरंग व्यायाम शाला की ओर से यह अखाड़े निकाले गए। इन अखाडो मे पहलवानों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। किसी ने लाठी घुमाई, किसी ने मुगदर घुमाया, तो कोई लाठियो से करतब दिखाते हुए नजर आया। इस अखाडे ने शहर के कई चैराहो पर प्रदर्शन किए। इसी तरह ज्ञानी राजपूत के द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी बाल हनुमान अखाडे का चल समारोह का आयोजन किया गया। तार वाले बालाजी मंदिर के दरबार मे युवतिया भी करतब दिखाते हुए देखी गई। शहर के चैराहो पर हनुमान जयंती के इस पर्व के साथ अखाडो के इस आयोजन को देखने के लिए लोगो की भीड घेरा बनाकर यह करतब देखती रही। शहर के सबसे प्राचीन हनुमान मंदिर पछाडीखेडा वाले बालाजी मंदिर है यह श्रृदालुओ का आस्था का केद्रं है। यहा पर पुजारी कमलेश शर्मा ने बताया कि बालाजी के भक्तो द्वारा सवा क्विंटल का चूरमा मेवा मिष्ठान का राम लडडू बनाकर बालाजी को उसका भोग लगाया गया। वही भक्तो ने दर्शन करने आने वाले श्रृदालुओ को बाल भोग तैयार उनको वितरित किया गया। मंदिर पर रामनवमी के समय बालाजी के मंदिर के सामने राम दरबार का मंदिर है। बालाजी के साथ राम दरबार के दर्शन और शिव परिवार और गौड बाबा के दर्शन भी होंगे।

---

## मंडी बामोरा पुलिस ने कार को किया जब्त

# जुलूस में नशे की हालत में कार चालक ने प्रवेश कराई कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना




मंडी बामोरा पुलिस ने नशे की हालत में वाहन चला रहे चालक पर कार्रवाई करते हुए कार को जप्त कर लिया है। मंडी बामोरा पुलिस ने बताया गुरुवार की शाम हनुमान जयंती के अवसर पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान एक कार क्रमांक एमपी04 ईसी 7133 का चालक लापरवाहीपूर्वक एवं शराब के नशे में वाहन चलाते हुए जुलूस में प्रवेश कर गया। जिससे उपस्थित लोगों की जान जोखिम में पड़ गई। मौके पर पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर पंचों के समक्ष चालक की जांच की गई, जिसमें वह शराब के नशे में पाया गया। उक्त तथ्य की पुष्टि मेडिकल परीक्षण में भी हुई। उक्त कृत्य पर चालक मोहित लोधी पिता मोहर सिंह लोधी उम्र 24 वर्ष निवासी सपली थाना पठारी जिला विदिशा (हाल पता मंडी बामौरा थाना आगासौद के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत विधिवत कार्रवाई करते हुए कार क्रमांक एमपी 04 ईसी 7133 (सफेद रंग) को जप्त किया गया है। प्रकरण में नियमानुसार न्यायालय के माध्यम से भारी अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव ने बताया जिले में पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सतत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके एवं एसडीओपी अजय सनकत के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी मंडी बामौरा द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई करने वालों में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव, प्रधान आरक्षक सुशील सिंह चौहान एवं आरक्षक नीरज राठौर की विशेष सराहनीय भूमिका रही। जिनकी तत्परता एवं सजगता से एक संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन कर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### गुमशुदा नाबालिग बालिका बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस द्वारा 16 वर्षीय गुमशुदा बालिका सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 12 मार्च को फरियादी तेजू पुत्र नन्नूलाल रावत, निवासी भौरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 169/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.04.2026 को अहमयपुर, जिला विदिशा से उक्त नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बाल अपचारी को किशोर न्यायालय, अशोकनगर में प्रस्तुत किया गया।

---



### जिला विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश अनुसार एवं सचिव मनीष अनुरागी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा साक्षरता शिविर लगाकर उपस्थित लोगों को उपकरण प्रदान किये गये।उपकरण सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत और ईएनटी सर्जन टैगोर की उपस्थिति में वितरित किए गए। शिविर के दौरान हितग्राहियों को उनके टूटे हुए उपकरण के बदले में नवीन उपकरण मोके पर प्रदान किए गए। शेष उपकरणों को भविष्य में अस्पताल में आने वाले हितग्राहियों को देने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित किया।

# अस्पताल में विधायक को मौके पर सिर्फ 1 डॉक्टर मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोककुमार

### विधायक ने कहा-राम ही जाने कैसे चलता है अस्पताल, क्या ऐसा ही रहता है प्रबंधन का हाल?





विधायक इंजी. हरीबाबू राय गुरूवार को स्थानीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए नजर आए। इस दौरान ओपीडी में उन्हें सिर्फ 1 डॉक्टर मिला, जबकि जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 17 पद हैं, 4 मौजूद होना चाहिए था, लेकिन एक ही डॉक्टर मौजूद मिला। अस्पताल में मरीज विधायक से शिकायत करते हुए नजर आए।

इस दौरान विधायक को मरीजों ने डॉक्टर न होने की शिकायत की थी इस शिकायत के बाद विधायक तत्काल अस्पताल पहुंचे और देखा तो वहां डॉक्टर डयूटी पर मौजूद नहीं थे एक मात्र केएल राहुल मरीजों का उपचार करते नजर आए। जिसे लेकर विधायक ने गहरी नाराजगी जताई, उन्होंने मौके पर ही सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेन्द्र शेखावत को बुलाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अस्पताल में 17 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं जिनमें 13 पद खाली हैं 4 डॉक्टर ही पदस्थ हैं उसमें भी एक ही डॉक्टर मरीजों का उपचार करते नजर आए। जबकि इस समय बीमारियों का दौर चल रहा है उल्टी, दस्त और बुखार के रोगी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों का न होना आश्चर्यजनक है। मरीजों पर क्या बीत रही होगी यह तो मरीज ही जानते हैं, इस अस्पताल में स्थानीय रोगी तो पहुंचते ही है साथ में जिले भर से भी रोगी उपचार कराने आते हैं।


विधायक ने बताया कि सुबह से ही उनके फोन पर एवं उनके कार्यालय सहायकों के फोन पर लगातार रोगियों के फोन अस्पताल से पहुंच रहे थे। रोगियों का कहना था कि अस्पताल में डॉक्टर कक्ष में बैठे नहीं है वह सुबह से डॉक्टर के कक्ष के बाहर बैठे हुए हैं इस दौरान जैसे ही विधायक को रोगी और रोगी के परिवार जनों ने देखा तो शिकायतों का दौर चालू हो गया। विधायक में एक-एक रोगी की शिकायत सुनी, शिकायत सुनने के बाद और व्यवस्थाएं देखने के बाद विधायक ने सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत को फोन लगाया और उन्हें मौके पर बुलाया। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि यहां अस्पताल में 17 स्पेशलिस्ट डॉक्टर की जरूरत है हमारे पास 4 डॉक्टर है जिन्हें राउंड भी करना पड़ता है ऑपरेशन भी करना पड़ता है और ओपीडी में बैठना पड़ता है डॉक्टर ने बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ छुट्टी पर चल रहे हैं इसलिए वह अपनी कक्ष में नहीं बैठे। इस दौरान आईएमओ बीएल टैगोर भी मौके पर आ गए उन्होंने कहा कि रोगी भी अपनी पसंद के डॉक्टर को दिखाना चाहते हैं जबकि डॉक्टर कक्ष में बैठे हुए हैं उनके पास जाकर हमें दिखाना चाहिए। विधायक हरीबाबू राय सुबह सर्जिकल वार्ड और महिला बार्ड में पहुंचे, जहां रोगियों को पलंग पर चादर भी नहीं दिखाई दिए।

---

## पिछले दो दिनों से नहीं देशी-विदेशी मदिरा का विक्रय, 18 दुकानों पर विभाग शराब विक्रय को तैयार

# आबकारी की 14 दुकानें होल्ड व 4 दुकान टेंडर स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर






अशोकनगर जिले की 33 देशी-विदेशी मदिरा की कम्पोजिट दुकानों में से 18 दुकानों पर पिछले दो दिनों से शराब का विक्रय नहीं हो रहा है, मात्र 15 दुकानों पर ही शराब की विक्री हो पा रही है। टेंडर प्रक्रिया को लेकर 14 दुकानें होल्ड पर हैं और 4 दुकानों के ऑफर स्वीकृति का इंतजार आबकारी विभाग को है। यदि कोई निर्णय नहीं होता है तो जिले की 18 दुकानों पर आवकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शराब का विक्रय करना होगा।

अशोकनगर जिले में नई आबकारी नीति के बाद 20 प्रतिशत वृद्धि निर्धारित कर टेंडर प्रक्रिया मांगी गई थी, जिसमें से 9 समूह में से 5 समूह की दुकानों के ठेके ई टेंडर से हुए थे और 30.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह दुकानें गईं थी। अशोकनगर जिले में 33 दुकानों से 2024-25 में शासन को 144 करोड़ 73 लाख 62 हजार 467 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत वृद्धि के बाद शासन को 173 करोड़ 68 लाख 34 हजार 974 रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार नई आबकारी नीति के तहत 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ ठेके जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत निर्धारित मूल्य 208 करोड 42 लाख 1 हजार 982 रूपए की आय होना माना गया था। लेकिन जिले में नई आबकारी नीति को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं और अब तक जिले में सभी 33 दुकानों की ई टेंडर प्रक्रिया पूरी होना थी लेकिन अभी 15 दुकानों की प्रक्रिया पूरी हुई है। 18 दुकानों का मामला लंबित है, जिनमें 14 दुकानें जो 3 समूह की हैं, जिनमें अशोकनगर-1, ईसागढ और शाढ़ौरा की दुकानें हैं, जिन्हे होल्ड पर रखा गया है।

आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि जिन 14 दुकानों को होल्ड पर रखा गया है उसमें कलेक्टर द्वारा निष्पादन प्रक्रिया का पालन ठीक से नहीं होना बताया गया है। जिसके कारण इन दुकानों को होल्ड पर रखा गया है, और 2 अप्रैल तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि चन्देरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर और राजघाट की दुकानों के लिए 20 प्रतिशत के ऑफर मिल रहे हैं, अगर 30 प्रतिशत के नए नियम के अनुसार ऑफर आते हैं तो उन्हें स्वीकार किया जाएगा। 20 प्रतिशत के स्थान पर 30 प्रतिशत में यह दुकानें निष्पादित होगीं।

### 18 दुकानें पिछले दो दिनों से बंद, लेकिन फिर भी बिक रही है

18 दुकानों के प्रारंभ न हो पाने की स्थिति में शासकीय स्तर पर इन दुकानों के संचालन की तैयारी की जा रही है। पिछले दो दिनों से 18 दुकानें बंद पड़ी हैं, न कोई अधिकृत ठेकेदार है न विभाग ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है, जिसके कारण अन्य क्षेत्र में संचालित हो रही दुकानों का माल पिछले दरवाजे से इन दुकानें के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अवैध रूप से देशी-विदेशी मदिरा का विक्रय हो रहा है। जो राशि शासन के खजाने में जाना चाहिए थीं। वह राशि अब अन्य लोगों के जेबों में जा रही है, पिछले दो दिनों में लाखों की शराब का विक्रय हो चुका है और आने वाले कई दिनों तक यह प्रक्रिया चलने की संभावना है।

### 3 ग्रुप की दुकानों द्वारा असहमति व्यक्त करने पर राशि राजसात की गई

उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि 3 ग्रुप की दुकानों को शासकीय निष्पादन के समय जो राशि दी जाती है, उनके द्वारा ई टेंडर भरे जाने के बाद संचालन में असहमति बताई गई है। जिसके कारण 14 दुकानों के लिए उनके द्वारा जो राशि जमा कराई गई थी वह 6 करोड 87 लाख 66 हजार 112 राजसात कर ली गई है। जिले में अब जो 15 दुकानें संचालित हो रही हैं उनमें पिपरई समूह की 4, बंगलाचैराहे समूह की 5 दुकानें, बहादुपुर समूह की 3 दुकानें, चंदेरी गोराकलां की दुकाने और मुंगावली 2 की एक दुकान शामिल है। अभी तक इन दुकानों के लिए 74 करोड़ 93 लाख 86 हजार 188 रूपए के टेंडर मंजूर किए गए हैं। यहां दुकानों का संचालन प्रारंभ हो गया है।

### अगर निर्णय नहीं हुआ तो विभाग करेगा शराब का विक्रय

उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि यदि कोई निर्णय इन दुकानों को लेकर नहीं होता है जिले में जिन जिन स्थानों पर आबकारी विभाग का अमला तैनात है, वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वयं दुकानों का संचालन किया जाएगा, लेकिन विभाग के पास न तो दुकानों के लिए जगह है न अमला है न संसाधन है। ऐसे में कैसे होगा शराब का विक्रय यह आबकारी विभाग के लिए मुसीबत का करण बन गया है।